# डीबी डिजिटल मीडिया

DB NEWS A Digital Media खबरें ऐसी जो याद रहे

प्रिंट मीडिया पार्टनर "प्रदेश सत्ता"

■ वर्ष-01 ■ अंक-04 ■ बालोद, बुधवार 20 अगस्त 2025 ■ पृष्ठ-04 ■ मूल्य-4 रुपये


# बिजली और कच्ची सड़क के मुद्दे को लेकर ग्रामीणों ने किया चक्काजाम



मोहंदी पाट बिजली दफ्तर घेराव



कांदुल वासियों ने किया हंगामा

**डीबी डिजिटल मीडिया बालोद।**

जिले में अर्जुंदा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले तीन गांव में बिजली और सड़क के मुद्दे को लेकर ग्रामीणों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। जहां इस दौरान खैरबना के ग्रामीण सड़क के मुद्दे को लेकर कांदुल में अर्जुंदा गुण्डरदेही मार्ग पर चक्का जाम किया तो कांदुल के ग्रामीणों ने बिजली कटौती के मुद्दे को लेकर अर्जुंदा में हंगामा किया। तो वहीं मोहंदीपाट के बिजली दफ्तर में आसपास के 6 से 7 गांव के ग्रामीणों ने अघोषित बिजली कटौती पर विरोध जताया और दफ्तर का घेराव किया। इस पूरे मामले में कांदुल के ग्रामीणों द्वारा कानून को हाथ में लिए जाने के कारण 17 ग्रामीणों के खिलाफ अर्जुंदा थाने में एफआईआर तक दर्ज कर लिया गया है। जिन पर बलवा, सरकारी काम में बाधा डालने और चक्का जाम करने से संबंधित मामला दर्ज किया गया। तीनों घटनाएं 24 घंटे के भीतर घटित हुई है। जिसका विवरण इस प्रकार है।

## मामला- 1

अर्जुंदा थाना क्षेत्र के ग्राम कांदुल के ग्रामीणों ने सोमवार की रात करीब 9:30 बजे बार बार बिजली कटौती करने का आरोप लगाते हुए बिजली दफ्तर अर्जुंदा का घेराव कर दिया। आक्रोशित लोगों ने अचानक रात को गाड़ियों से अर्जुंदा पहुंचे और बिना किसी पूर्व सूचना के बिजली दफ्तर के बाहर आकर नारेबाजी करने लगे। ग्रामीणों द्वारा बिजली दफ्तर में तोड़फोड़ की गई तो एक कर्मचारी को बाहर निकालकर मारपीट तक कर दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही तत्काल अर्जुंदा पुलिस बल पहुंची और हालात को संभालने का प्रयास करती रही। पर लगभग 150 से 200 ग्रामीण रात को पहुंचे थे हालातों को देखते हुए पुलिस ने अतिरिक्त बल बुलाते हुए मोर्चा संभाला और करीब 2 घंटे तक ग्रामीणों को चक्काजाम ना करने और प्रदर्शन बंद करने समझाने का प्रयास करते रहे। पर ग्रामीण अपनी जिद पर अड़े रहे। इस बीच मुख्य मार्ग पर बैठकर चक्का जाम करने के दौरान यातायात काफी बाधित हुआ। मरीज को अस्पताल ले जाने वाली गाड़ी सहित अन्य जरूरी काम से जा रही गाड़ियां भी इस जाम में फंसी रही। एक मरीज को राजनांदगांव ले जा रहे थे पर उस गाड़ी को भी ग्रामीण रोक रहे थे, गाड़ी के सामने तो एक युवक लेट भी गया था। पुलिस उन्हें उठाने का प्रयास करती रही काफी देर बाद मरीज वाली गाड़ी को जाने दिया गया। लगभग 2 से 3 घंटे तक चले इस प्रदर्शन के बाद मामला शांत हुआ। वही बिजली विभाग के जेई द्वारा अपने कर्मचारी पर किए गए मारपीट और विभाग के दफ्तर की गई तोड़फोड़ के कारण सरकारी काम में बाधा डालने, बलवा सहित अन्य अपराधों को अंजाम देने के कारण अर्जुंदा थाने में रिपोर्ट लिखाई गई है। जिसमें रात में प्रदर्शन करने पहुंचे सैकड़ों ग्रामीणों में 17 ग्रामीणों की पहचान करते हुए उनके खिलाफ थाने में एफआईआर दर्ज किया गया है।



खैर बना के ग्रामीणों ने सड़क के मुद्दे को लेकर किया चक्काजाम

## मामला- 2

विद्युत विभाग अर्जुंदा के अंतर्गत आने वाले ग्राम मोहंदीपाट विद्युत केंद्र का ग्रामीणों ने सोमवार की शाम को घेराव कर दिया। ग्रामीण बार-बार हो रही बिजली कटौती से आक्रोशित थे। इसको लेकर विरोध जताते हुए ग्रामीणों ने जमकर नारेबाजी की और अधिकारियों को चेतावनी दिया कि अगर 10 दिन के भीतर व्यवस्था नहीं सुधरता है तो मोहंदीपाट चौक पर बड़ा चक्का जाम किया जाएगा अधिकारियों से कहा गया कि बिजली कटौती तत्काल बंद की जाए। किसानों की बोर लाइन को चालू किया जाए। फसल तैयार हो रही है और बिजली कटौती से पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है बोर नहीं चल पा रहे हैं। इसी तरह अन्य क्रियाकलाप भी बिजली कटौती से बाधित हो रहे हैं। तो वही जिला पंचायत सदस्य गुलशन चंद्राकर ने अधिकारियों से कहा कि कोई जनप्रतिनिधि या कोई भी अगर बिजली कंपनी के लोगों को फोन करते हैं तो उनका फोन उठाया जाए। लोग अपनी समस्या बताने के लिए फोन करते हैं। उनकी समस्या सुनी जानी चाहिए। पर अधिकारी जानबूझकर फोन नहीं उठाते हैं। अगर बिजली कटौती मजबूरी हो गई है तो सप्लाई क्षमता बढ़ाई जाए। कर्मचारियों की कमी है तो उसे भी उच्च विभाग को अवगत करा कर पूर्ति की जाए। धरना प्रदर्शन और घेराव करने के लिए खुरसुल, मोहंदीपाट, गोड़ेला , बघेली, गबदी, खुरसुनी, भरदाकला आदि से ग्रामीण और जनप्रतिनिधि पहुंचे हुए थे। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य गुलशन चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य मीना उमाशंकर साहू, जनपद सदस्य ललिता भूआर्य, जिला कांग्रेस कमेटी के संयुक्त सचिव और भरदा कला सरपंच क्रांति भूषण साहू, सहित अन्य पंचायतों के सरपंच और ग्रामीण मौजूद रहे।

**कांदुल के ग्रामीणों ने लिया कानून हाथ में,17 ग्रामीणों के खिलाफ दर्ज हुआ एफआईआर**

## मामला- 3

अर्जुंदा से लगे हुए ग्राम कांदुल के पास अर्जुंदा से गुण्डरदेही जाने वाले मुख्य मार्ग पर खैर बना के ग्रामीणों ने सोमवार को जमकर प्रदर्शन और चक्का जाम किया। सुबह आठ से दोपहर एक बजे तक चले इस प्रदर्शन से यातायात व्यवस्था काफी बाधित रही तो वही पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों को ग्रामीणों को समझाने और सड़क से उठाने के लिए काफी एड़ी चोटी एक करनी पड़ी। मौके पर स्थानीय अर्जुंदा और गुण्डरदेही दोनों ही थाने की पुलिस टीम तैनात रही तो बालोद से एसडीओपी देवांश राठौर, तहसीलदार और अंत में एसडीएम तक को भी आना पड़ा। एसडीएम द्वारा ग्रामीणों के समक्ष मौखिक आश्वासन दिया गया कि सड़क काफी खराब है, जिसे देखते हुए वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर उसमें मुरूम और जीरा गिट्टी डलवाकर व्यवस्था बनाएंगे। रही बात पक्की सड़क की तो मामला वित्त मंत्रालय में अटका हुआ है, यहां से विभाग द्वारा प्रस्ताव बनाकर भेजा जा चुका है। ग्रामीणों द्वारा 3 घंटे के प्रदर्शन के बाद एसडीएम के आश्वासन पर भरोसा कर चक्का जाम बंद किया गया। इस बीच ग्रामीणों का नेतृत्व कर रहे आम आदमी पार्टी के छाया विधायक जसवंत सिन्हा ने उनकी समस्याएं रखी।

# समाचार संक्षेप

## शिवसेना ने स्वास्थ्य सेवा से जुड़े आंदोलनरत कर्मचारी संघों को दिया समर्थन



**डीबी डिजिटल मीडिया बालोद ।** शिवसेना द्वारा बालोद जिले में आंदोलनरत राज्य एनएचएम कर्मचारी संघ एवं स्वास्थ्य मितानिन संघ के विभिन्न मांगों को लेकर पार्टी संगठन की ओर से समर्थन दिया है। शिवसेना जिलाध्यक्ष विजय पारख ने इस दौरान कहा कि शिवसेना द्वारा आज प्रदेश में गौ वंश संरक्षण हेतु राज्यव्यापी महा हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें हमें आशातीत सफलता प्राप्त हुई है। वहीं राज्य एवं केंद्र सरकार को चाहिए कि प्रदेश के स्वास्थ्य कर्मचारी, स्वास्थ्य सेवकों को उनका उचित हक और अधिकार दिया जाए। कर्मचारियों के सेलरी,पेंशन में वृद्धि की जानी चाहिए, अनुकंपा नियुक्ति सहित स्थाई पदस्थापना कर स्वास्थ्य सेवा से जुड़े उनके परिवारों को लाभान्वित किया जाना चाहिए। विजय पारख ने कहा कि आज प्रदेश में स्वास्थ्य कर्मचारी संघ जिस तरह से आंदोलनरत है, उससे कहीं ना कहीं ग्राम पंचायत से लेकर शहरों तक स्वास्थ्य सेवा प्रभावित हो रही है और जब देश विकास की ओर अग्रसर है, तब स्वास्थ्य शिक्षा,सड़क, बिजली, पानी की व्यवस्था सरकार को दुरुस्त करनी होगी। इस दौरान शिवसेना नेता जयप्रकाश चंद्राकर, ललित कुमार रावत, बालाराम साहू ,रोशन ढीमर सहित शिव सैनिक पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित थे। इन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ संगठनों ने अपने-अपने मांग पत्र पर शिवसेना का ध्यानाकर्षण कराते हुए अपने ज्ञापन की प्रतियां शिवसेना पदाधिकारियों को सौंपी ।

## भानपुरी में हुआ अखंड रामायण पाठ का आयोजन



**डीबी डिजिटल मीडिया गुरुर।** ग्राम पंचायत भानपुरी में हर वर्ष की तरह इस साल भी अखंड रामायण पाठ का आयोजन हुआ। समापन पर गौठान में गौ माताओं को खिचड़ी खिलाया गया। यह कार्य लगभग 6 वर्षों से ग्रामीण करते आ रहे। आयोजन में भानपुरी सरपंच डाकेश कुमार साहू के साथ ग्रामीण रिखीराम यादव, संतराम साहू, राजरानी नागेश नेताम, कालूराम, लोकेश्वरी , हुसैन नेताम, सुकून बाई ,गिरवर साहू, मिश्रीलाल सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# बालोद पुलिस द्वारा 3 दिन अभियान चलाकर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 437 वाहन चालकों पर किया गया 3 लाख 57 हजार रुपए की कार्रवाई





**डीबी डिजिटल मीडिया बालोद**

एसपी योगेश कुमार पटेल के निर्देशन पर, एएसपी मोनिका ठाकुर के मार्गदर्शन में एसडीओपी देवांश सिंह राठौर एवं यातायात प्रभारी निरीक्षक नवीन बोरकर के नेतृत्व में यातायात बालोद एवं सभी थाना/चौकी प्रभारीयों द्वारा जिले में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं आम जनों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले एवं दोपहिया वाहन में बिना हेलमेट वाहन चलाने पर अभियान चलाकर लगातार कार्यवाही की जा रही है। विशेष तौर पर शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले 12 शराबी वाहन चालकों पर कार्यवाही कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया, न्यायालय द्वारा 11 शराबी वाहन चालको को 10,000-10,000रू. अर्थदण्ड से दण्डित किया गया एवं 1 शराब सेवन कर ओव्हरलोड माल भरकर परिवहन करने वाले वाहन चालक एवं मालिक के विरूद्ध 73,000रू. का जुर्माना, इस तरह कुल 12 प्रकरण में 1,83,000रू. की कार्यवाही की गयी है। शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले सभी वाहन चालकों का लायसेंस निलंबन के लिए संबंधित परिवहन विभाग को पत्र भेजकर 6 माह के लिए वाहन चालकों का लायेंसस निलंबन की कार्यवाही भी किया जा रहा है। यातायात पुलिस बालोद के द्वारा लगातार वाहन चालको से अपील किया जा रहा है कि शराब सेवन कर खतरनाक तरीके से वाहन चलाते हुए अपने तथा अन्य व्यक्तियों की जान जोखिम में न डाले, हमेशा यातायात नियमों का पालन करे ।

आम जनो एवं वाहन चालकों की सुरक्षा के लिए बालोद पुलिस सदैव तत्पर है। यातायात पुलिस बालोद आम नागरिकों से अपील करता है कि मालवाहक वाहन में सवारी भरकर परिवहन न करे, यातायात नियमों का पालन करे, रात्रि में वाहन चलाते समय अपर डिपर का प्रयोग करे, शराब सेवन कर वाहन न चलाएं, वाहन चलाते समय मोबाईल का उपयोग न करे, नाबालिक बच्चों को वाहन चलाने न देवे, संयमित गति से वाहन चलाएं एवं वाहन चलाते समय सीट बेल्ट एवं हेलमेट अवश्य लगावे व वाहन चलाते समय वाहन के दस्तावेज हमेशा अपने साथ रखे।

# हड़ताल के दूसरे दिन हुआ सदबुद्धि यज्ञ, कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री स्वास्थ्य मंत्री , वित्त मंत्री का मुखौटा पहन किया विरोध प्रदर्शन



**डीबी डिजिटल मीडिया बालोद**

छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के 16,000 से अधिक कर्मचारी अपनी 10 सूत्रीय मांगों (नियमितीकरण, ग्रेड पे, पब्लिक हेल्थ कैडर की स्थापना, लंबित 27% वेतनवृद्धि सहित) को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। आंदोलन के चलते पूरे प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा गई है। इस क्रम में जिला बालोद में NHM कर्मचारियों द्वारा जिला मुख्यालय बालोद बस स्टैंड में द्वितीय दिवस में सदबुद्धि यज्ञ किया गया और मुख्यमंत्री , स्वास्थ्य मंत्री , वित्त मंत्री का मुखौटा पहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया। साथ ही भारी बारिश में कर्मचारियों का उत्साह देखते बनता था। NHM कर्मचारियों को समर्थन देने शिवसेना अध्यक्ष विजय पारख द्वारा




कर्मचारियों को उत्साहवर्धन किया गया और शासन तक कर्मचारियों का उचित मांग पहुंचाने का आश्वासन दिया।प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अमित मिरी एवं प्रदेश प्रवक्ता पूरन दास ने बताया कि कर्मचारियों ने कई बार मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री और वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात कर अपनी जायज मांगें रखीं, लेकिन लगातार अनदेखी की गई। यहां तक कि 27% वेतनवृद्धि, मेडिकल अवकाश और ग्रेड पे पर स्वीकृति मिलने के बावजूद आदेश जारी नहीं किए गए, जिससे नाराज़ कर्मचारी अब हड़ताल पर हैं।हड़ताल से प्रभावित सेवाएँ ये हैं:मरीजों को दवाइयाँ उपलब्ध नहीं,नवजात शिशु वार्ड बंद सहित पोषण आहार केंद्र बंद पड़े हैं,शुगर, ब्लड टेस्ट, ट्रूनाट,सीबीनाट से बलगम टेस्ट और नेत्र जाँच बाधित,स्कूल व आंगनबाड़ी स्वास्थ्य परीक्षण पूरी तरह ठप है।रूटीन टीकाकरण बंद है। टीबी, मलेरिया, कुष्ठ जैसी बीमारियों के मरीजों को दवाइयाँ नहीं मिल रही। सुदूर ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के कई अस्पतालों में अव्यवस्था बढ़ गई है और कई अस्पताल पूरा बंद होने की कगार पर हैं।कर्मचारी संघ ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने जल्द ही उनकी मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया, तो आगे आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। जिसकी जिम्मेदारी शासन की होंगी।

# एक बार फिर ताइक्वांडो की होड़,राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन बालोद में प्रस्तावित

डीबी डिजिटल मीडिया बालोद




4थीं राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता के तुरंत बाद राज्य की कमान संभालते हुए जिला ताइक्वांडो संघ बालोद(जिला मार्शल आर्ट्स एकेडमी बालोद) ने अस्मिता खेलो इंडिया वूमेन लीग राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 23/24 अगस्त को बालोद नगर में किया जा रहा है। जिसमें राज्य भर के सबजूनियर,कैडेट जूनियर तथा सीनियर महिला समूह भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता में 8 साल से अधिक कोई भी बालिका/महिला भाग ले सकते है। यह प्रतियोगिता भारतीय खेल प्राधिकरण, खेल एवं युवा कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में किया जाता है। जहां विभिन्न खेल के महिलाओं को उभरने तथा महिला सशक्तिकरण, आत्म निर्भर जैसे असीमित क्षमता को निखारने के लिए किया जाता है।अस्मिता खेलो इंडिया वूमेन लीग एक राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिता है, जिसका उद्देश्य महिला खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करना और उनकी प्रतिभा को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करना है। यह प्रतियोगिता खेलो इंडिया कार्यक्रम के तहत आयोजित की जाती है, जो भारत सरकार द्वारा शुरू की गई एक पहल है जिसका उद्देश्य देश में खेलों को बढ़ावा देना है। अस्मिता लीग का मुख्य उद्देश्य महिला खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करना और उनकी प्रतिभा को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करना है। यह प्रतियोगिता खिलाड़ियों में प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देती है, जिससे वे अपने खेल में सुधार कर सकते है। अस्मिता लीग से चयनित खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते हैं। वर्तमान में खेलो इंडिया राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता नगर स्थापित सी मार्ट हॉल जय स्तंभ चौक में होना है। यह प्रतियोगिता निः शुल्क है।साथ ही जिला ताइक्वांडो संघ बालोद(जिला मार्शल आर्ट्स एकेडमी बालोद) बालोद नगर के महिला खिलाड़ियों इस प्रतियोगिता के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण दिए जा रहें है। बालोद जिले में यह ताइक्वांडो खेल प्रशिक्षण लगभग 12 साल किया जा रहा है। वर्तमान में इनडोर स्टेडियम गंजपारा बालोद में खिलाड़ी प्रशिक्षण ले रहे। जहां मुख्य कोच वासुदेव , सहायक कोच खोगेश्वरी गेंद्रे खिलाड़ियों को प्रशिक्षित करेंगे। इस प्रतियोगिता/प्रशिक्षण से संबंधित किसी भी जानकारी के लिए 9111897805 पर संपर्क कर सकते हैं।

# डौंडीलोहारा स्कूल में शहीदों को याद कर मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

डीबी डिजिटल मीडिया डौंडीलोहारा।



संजयनगर में स्थित शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 79 वां स्वतंत्रता दिवस में सर्वप्रथम उपस्थित अतिथियों के द्वारा भारत माता, महात्मा गांधी, बाबा साहब अंबेडकर,वीर शहीद नारद राम निषाद और किरण कुमार देशमुख तथा तिरंगे झंडे के पूजन अर्चन से हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में शाला प्रबंधन और विकास समिति के अध्यक्ष लीलेंद्र कुमार सिन्हा, अध्यक्षता संस्था प्रमुख लूनकरण ठाकुर, विशिष्ट अतिथि के रूप में मनीषा यादव अध्यक्ष शाला विकास समिति बालक पूर्व माध्यमिक विद्यालय, रेखराम साहू सदस्य सीएमडीसी, कमल कुमार आलेंद्र प्रधानपाठक बालक पूर्व माध्यमिक विद्यालय, शाला विकास और प्रबंधन समिति के सदस्य व विद्यालय के पालकगण थे। सर्वप्रथम तिरंगा झंडा के आरोहण के बाद उपस्थित अतिथियों का तिलक वंदन किया गया।

स्वागत भाषण में संस्था प्रमुख के द्वारा अतिथियों के उपस्थिति पर स्वागत करते हुए उन्होंने विद्यालय के पूर्व छात्र शहीद आरक्षक किरण कुमार देशमुख और शहीद सहायक प्लाटून कमांडर नारद राम निषाद के जीवन परिचय में प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा देश की सुरक्षा में नक्सलियों से लोहा लेते हुए दिए गए बलिदान को याद किया गया। लीलेंद्र सिन्हा के द्वारा बच्चों को देशभक्ति से ओतप्रोत होने हेतु,अपने अमर जवानों और तिरंगे झंडे सदा सम्मान करने की बात की। व्यायाम निदेशक सौरभ शर्मा , शिक्षक लोकेश्वर निषाद व सभी विद्यालयीन शिक्षकों के मार्गदर्शन में बच्चों के द्वारा प्रभातफेरी के साथ नगर के प्रमुख चौक जैसे बस स्टैंड,कांग्रेस भवन, राजाबाड़ा, विवेकानंद चौक आदि में तिरंगे झंडे का आरोहण किया गया। बच्चों के द्वारा विद्यालय परिसर में नयनाभिराम सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें नगर के प्रथम नागरिक लाल निवेंद्र सिंह टेकाम , तहसीलदार , विकासखंड शिक्षाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में व्याख्याता प्रदीप कुमार मेश्राम, रामसहाय देशमुख, दुकालूराम साहू, वीरेंद्र कुमार भंडारी, संगीता वैदे,छाया नंदा, अविनाश कुमार साहू, एनुका शार्वा, रवींद्रनाथ योगी, डुप्ले साहू, तेजेश्वरी साहू,लवण साहू, भूपेंद्र पटेल,हेमपुष्पा नाइक ,राकेश कोठारी, वीरेंद्र कुमार नायक ,हेमंत साहू, सूर्योदय मानिकपुरी , कपिल पटेल, डामन देशमुख, गिरीश साहू, तिलेश्वरी परतेती, ईश्वरी ठाकुर, निधि यादव, मोहित यादव सहित समस्त स्काउट गाइड, रेडक्रॉस , छात्र - छात्रा संघ के पदाधिकारी उपस्थित थे

# जनदर्शन में दिव्यांग मुन्ना लाल एवं मुकेश कुमार को मिला बैटरी चलित ट्राय सायकल



डीबी डिजिटल मीडिया बालोद

कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार डिप्टी कलेक्टर प्राची ठाकुर ने संयुक्त जिला कार्यालय के जनदर्शन कक्ष में मंगलवार को आयोजित कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के विभिन्न स्थानों से पहुँचे लोगों से मुलाकात कर उनके मांगों एवं समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को तलब कर आम लोगों के मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। जनदर्शन में गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम धनगांव से पहुँचे दिव्यांग मुन्ना लाल एवं डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम सिंगारपुर के दिव्यांग श्री मुकेश कुमार को बैटरी चलित ट्राय सायकल प्रदान किया। उल्लेखनीय है कि जनदर्शन में अपनी शारीरिक परेशानियों को देखते हुए दिव्यांग मुन्ना लाल और मुकेश कुमार ने ट्राय सायकल प्रदान करने की मांग की। कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा ने निर्देशानुसार उनके आवेदन पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उन्हें तत्काल ट्राय सायकल प्रदान करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। समाज कल्याण विभाग द्वारा दोनों ही लोगों के आवेदन पर त्वरित कार्रवाई करते हुए दिव्यांग मुन्ना लाल और मुकेश कुमार को बैटरी चलित ट्राय सायकल प्रदान किया गया। जिला प्रशासन के त्वरित कार्रवाई के फलस्वरूप मुन्ना लाल और मुकेश कुमार बहुत प्रसन्नचित आ रहे थे। उन्होंने संयुक्त जिला कार्यालय में आयोजित होने वाली कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम की भूरी-भूरी सराहना करते हुए अपने जैसे अनेक लोगों के लिए अत्यंत लाभकारी बताया। जनदर्शन में आज गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम सरेखा निवासी श्री डोमल लाल ने सहायता राशि दिलाने तथा शाला प्रबंधन समिति मुल्लेगुड़ा एवं कुथरेल के ग्रामीणों ने स्कूल में रिक्त पदों पर शिक्षकों की पूर्ति करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किए। इसी तरह ग्राम आतरगांव निवासी रसित राम साहू एवं चंपालाल ने आधार कार्ड में सुधार कराने, ग्राम धनगांव के ग्रामीणों ने गांव के बांध के गेट का मरम्मत कराने की मांग की। जनदर्शन में आज जिले के विभिन्न स्थानों से बड़ी संख्या में आम नागरिक अपने मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु जिला कार्यालय पहुँचे थे।

# संभाग स्तरीय खेल प्रतियोगिता योग के लिए माध्यमिक शाला डढ़ारी के बच्चों का हुआ चयन




डीबी डिजिटल मीडिया गुरुर।

स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित जिला स्तरीय शालेय खेल योग का चयन प्रतियोगिता विगत दिनों जिला खेल अधिकारी किशोर मेहरा के मुख्य आतिथ्य में सपन जैना जिला खेल समन्वयक, बी.ई.ओ. एवं बी.आर.सी.सी. गुरुर के अध्यक्षता में बी.आर.सी.सी. कार्यालय गुरुर में संपन्न हुआ। जिसमें बालोद जिला के सभी विकासखण्डों के योग प्रतिभागी छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला डढारी, संकुल केन्द्र खुंदनी, विकासखण्ड गुरुर के प्रतिभागियों ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर संभाग स्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिता योग के लिए चयनित हुए। चयनित प्रतिभागियों में बालिका 14 वर्ष में कु. गीतांजली, कु. मंजु, कु. डाली, बालिका 17 वर्ष में कु. मोनिका, कु. गीतेश्वरी, बालिका 19 वर्ष में कु. यशु साहू का एवं बालक 14 वर्ष में आयुष कुमार, अमित कुमार का चयन हुआ है। सभी चयनित बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए जिला खेल अधिकारी किशोर मेहरा, जिला खेल समन्वयक सपन जैना, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी गुरुर एल. के. चन्द्राकर, बी. आर.सी.सी. गुरुर सी.बी. निर्मलकर, विकासखण्ड खेल प्रभारी गुरुर ज्ञानसिंग जुरेशिया, संकुल प्राचार्य खुंदनी सी.आर. साहू, संकुल समन्वयक एच.एल. पटेल, ग्राम पंचायत डढारी के सरपंच एवं समस्त पंचगण, ग्राम विकास समिति के समस्त पदाधिकारी, शाला विकास समिति माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला डढारी के समस्त पदाधिकारियों एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला डढ़ारी ने शुभकामनाएँ दी। बालाराम निषाद प्रधानपाठक एवं योग शिक्षक माध्यमिक शाला डढ़ारी ने बताया संभाग स्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिता का आयोजन 20 अगस्त 2025 दुर्ग भिलाई में संपन्न होगी

# संस्कृत सप्ताह दिवस पर कु. गुंजा का हुआ धार्मिक ग्रंथ गीता से सम्मान

**डीबी डिजिटल मीडिया बालोद।**

संचालनालय आयुष छत्तीसगढ़ रायपुर एवं जिला आयुर्वेद अधिकारी बालोद के निर्देशानुसार आयुष विभाग छत्तीसगढ़ के विकासखंड स्तरीय निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला के योजना अंतर्गत जन सामान्य को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने हेतु विकासखंड स्तरीय निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला एवं स्वास्थ्य जनजागरूकता शिविर का आयोजन सोमवार को ग्राम बोईरडीह, विकासखंड डौंडीलोहारा के कला मंच में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विवेक वैष्णव ( डौंडीलोहारा) थे। अध्यक्षता अंकालू राम सहारे (सरपंच ग्राम पंचायत रानीतराई रोड) ने की।कार्यक्रम का प्रारंभ भगवान धन्वंतरि के पूजन से हुआ। कार्यक्रम के अध्यक्षा श्रीमती शशि कला ठाकुर ने उनके ग्राम में इस कार्यक्रम को आयोजित करने के लिए आयुष विभाग को धन्यवाद प्रेषित किया। मुख्य अतिथि विवेक वैष्णव ने चिकित्सकों को भगवान का रूप बताया, अपने आयुर्वेद के एवं






पंचकर्म के अनुभवों को साझा किया। टुमन साहू ने ग्राम वासियों से अपील की वे अपनी स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों के लिए आयुष पद्धति को प्राथमिकता दें। उर्मिला साहू ने किशोर बालिकाओं, छोटे बच्चों और माता के स्वास्थ्य में आयुष चिकित्सा पद्धति से योगदान प्रदान करने की अपनी इच्छा जाहिर की। किशोरी लाल साहू ने कहा कि स्वास्थ्य ही जीवन के कुंजी है और स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए आयुर्वेद योग को अपने और व्यसन से दूर रहने की अपील की।

कैंप प्रभारी डॉक्टर अरुण छाजेड़ ने जानकारी दी की इस स्वास्थ्य मेले में आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. अशोक ठाकुर, डॉ उदयभानू साहू, डॉ गोपेश ठाकुर, डॉ. दामिनी सोना , डॉ. वैशाली देवांगन तथा नेत्र रोग सहायक अनिल सोनी उपस्थित थे । स्वास्थ्य मेले में आयुर्वेद फार्मेसिस्ट धरमचंद निषाद, भुनेश्वर साहू, अमित बाजपेई, कमलेश साहू, गजाधर सिंहा और औषधालय सेवक गजेंद्र साहू, नंदकुमार सोनवानी और राकेश यादव ने सेवाएं दी। शिविर में इनको मिला लाभस्वास्थ्य मेले में कुल 376 मरीजों ने आयुर्वेद एवं 66 मरीज ने नेत्र विशेषज्ञ से अपनी स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां हेतु परामर्श लिया। शिविर में 105 मरीज का ब्लड शुगर जांच, 50 मरीज का हीमोग्लोबिन जांच, 15 मरीज का सिकलिंग जांच की गई। शिविर में स्वास्थ्यवर्धक काढ़े का वितरण भी किया गया। स्वास्थ्य मेले में लोगों के बीच मुख्य आकर्षण केंद्र आयुर्वेद सेल्फी स्टैंड रहा। शिविर में रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया था, जिसमें 15 लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदान करने वाले लोगों को प्रोत्साहन के तौर पर हेलमेट और सर्टिफिकेट प्रदान किया गया।

## यशवंत जैन ने भाजपा महामंत्री के रूप में किया पदभार ग्रहण



**डीबी डिजिटल मीडिया बालोद।**

प्रदेश भाजपा द्वारा नियुक्त यशवंत जैन सहित दोनों महामंत्रियों ने प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह एवं संगठन मंत्री पवन साय की उपस्थिति में विधिवत पूजा पाठ कर अपना पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर बालोद जिले सहित प्रदेश भर के कार्यकर्ताओं ने यशवंत जैन सहित सभी नवनियुक्त पदाधिकारी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। बालोद जिला के कद्दावर नेता ओजस्वी वक्ता यशवंत जैन को भाजपा का प्रदेश महामंत्री बनाया गया है। गौरतलब है कि बालोद जैसे छोटे से शहर से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्र राजनीति से अपनी राजनीतिक यात्रा की शुरुवात करने वाले यशवंत जैन सक्रिय राजनीति में कदम रखे हैं। वे बालोद महाविद्यालय के प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव में दो बार लगातार छात्र संघ अध्यक्ष बने। वे भाजयुमो के प्रदेश मंत्री प्रदेश अध्यक्ष जैसे अनेक महत्त्वपूर्ण दायित्त्वों का निर्वहन किया । भाषण कला में निपुण यशवंत जैन प्रवक्ता की भूमिका में भी रहे। वे डॉ रमन सिंह के मुख्यमंत्री रहते विकास यात्रा का नेतृत्व भी कर चुके हैं। वे छत्तीसगढ़ के प्रथम बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष रहे।उनके कार्यकाल में अनेक उपलब्धि वाले कार्य हुए इसके बाद वे केंद्रीय बाल संरक्षण आयोग के 6 वर्षों तक सदस्य रहे। प्रदेश संगठन ने उन्हें कांकेर जिले संगठन का प्रभारी नियुक्त किया था। जिसका उन्होंने बखूबी निर्वहन करते हुए संगठन को मजबूती प्रदान की। इसी का उपहार उन्हें मिला और इस बार प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण देव की टीम में उन्हें प्रदेश महामंत्री का दायित्व सौंपा गया । नए दायित्व मिलने के पश्चात उन्होंने कहा कि मैं भाजपा का एक साधारण सा कार्यकर्ता हूं। पार्टी नेतृत्त्व ने जो भी छोटी से छोटी और बड़ी से बड़ी जिम्मेदारी मुझे दी, उसको मैने कर्तव्यनिष्ठा से पूरा करने में लगा रहा। मैं प्रदेश नेतृत्व का आभारी हूं, जिन्होंने मुझे बड़ी जिम्मेदारी दी है। मैं पूरी ईमानदारी से इस नए दायित्व का निर्वहन करूंगा

## पूर्व जनपद सदस्य संजय बैस ने एकता में बल होने का संदेश देकर फहराया तिरंगा



**डीबी डिजिटल मीडिया बालोद**

आजादी का 79 वीं स्वतंत्रता दिवस समारोह कुसुमकसा में धूमधाम से मनाया गया। पूर्व जनपद सदस्य संजय बैस ने कई जगह मुख्य अतिथि की भूमिका निभाई । उन्होंने कुसुमकसा में कुसुम पब्लिक स्कूल, आगन बाड़ी ,सेवा सहकारी समिति जैसे विभिन्न संस्था में झंडा फहराया। ग्राम पंचायत में स्वतंत्रता दिवस समारोह में शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल कुसुमकसा स्कूल के स्काउट गाइड के छात्रों के द्वारा उनकी अगुवाई की गई।कुसुम पब्लिक स्कूल में अपने उद्बोधन में उन्होंने उपस्थित ग्राम वासियों, शिक्षकों एवं बच्चों को एकता में बल होने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि देश और समाज के हित के लिए एकता ही बहुत बड़ी ताकत है। आज हमारा देश 200 वर्ष की गुलामी के बाद आजाद हुआ । हम आज़ादी की 79वां स्वतंत्रता दिवस मना रहे हैं। यह सब एक होकर अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने के कारण ही संभव हुआ है। एक छोटी सी घटना के संबंध में आप लोगों को मैं बताता हूं जब अंग्रेज हमारे देश को छोड़कर जा रहे थे,लोग आजादी की खुशी में विजय जुलूस निकाले थे और अंग्रेजों भारत छोड़ो देश हमारा है जैसे नारे लगा रहे थे, इनको देखकर एक अंग्रेज हंस पड़ा। दूसरा साथी ने हंसने का कारण पूछा तब उन्होंने बहुत ही गंभीर बात बोला कि आज 200 साल के गुलाम रहने के बाद भारतीयों को एकता का एहसास हुआ है। यही एकता उस समय यदि इन्होंने दिखाएं रहते जब हम लोग इन्हें गुलाम बना रहे थे तो आज इन्हें यह दिन देखना नहीं पड़ता। भारत अंग्रेजों की गुलाम नहीं होता, बात छोटी सी है भाइयों और बहनों और मेरे प्रिय विद्यार्थियों, लेकिन इस बात में कितना गहराई छिपी हुई है यह आज समझने की बात है। देश समाज या आपका गांव उन्नति तभी करेगा ,आगे तभी बढ़ेगा जब आप लोग एकता दिखाओगे।एकता में ही बल है इस बात का ध्यान रखिए। एक होकर रहिए तो हर जगह आपका विकास होगा और आप आगे बढ़ेंगे। इस अवसर पर नितिन जैन, देवराज जैन, दीपक यादव, संतोष जैन, नसीम खान, राजू सिन्हा, मोनू गुप्ता, कमलकांत साहू, पुष्पजीत बैस, विनोद सोनी , अनिल जेठवानी उपस्थित रहे

संपादकः **माधुरी दीपक यादव**, सलाहकार संपादक-**यशवंत पुरी गोस्वामी**, उप संपादक- **मधू दीपक देवदास**,वेब मीडिया dailybalodnews.com, प्रिंट मीडिया पार्टनर- प्रदेश सत्ता ,संपादक - **मुनेंद्र यादव**